LATEST

# NEWS

# Election

## Date: 27th Apr. 2026

## Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

# 12.9L 'deleted' voters in Bengal await SIR tribunal verdicts today

Kaushik.Pradhan
@timesofindia.com

**Kolkata:** Nearly 12.9 lakh "deleted" voters across 142 assembly segments in Bengal going to the polls on Wednesday will learn on Monday whether their names have been reinstated in the electoral rolls.

As per SC guidelines, names cleared by SIR tribunals by Monday will be added to supplementary voter lists 48 hours before polls. "Names cleared by Monday will get a chance to vote," Bengal CEO Manoj Agarwal said Saturday.

Across 142 constituencies, spread over seven districts, names of 12,87,622 electors were deleted during judicial adjudication. In Kolkata, judicial officers rejected 67,632 names. North 24 Parganas tops deletions (3,25,666) among districts going to polls in the second phase.Matua-dominated seat Ranaghat North East saw 20,796 deletions.

In the first phase, out of 14,28,771 names deleted during adjudication, tribunal included only 139 voters.

Shamim Akhter, an Entally resident and associate professor at Aliah University, said, "Given the low rate of clearance seen before the first phase, I have little hope that my voting rights will be restored."

Renu Khatun, the nurse from East Burdwan whose arm was chopped off by her husband, told **TOI**: "I am extremely worried about my chances... There's no option but to wait."

## NIA to probe bomb haul near Kolkata

Centre yesterday ordered an NIA probe into the seizure of 79 crude bombs Saturday in Bhangor, a minority-dominated flashpoint near Kolkata where TMC is locked in a duel with a smaller rival in the April 29 elections. The bomb haul needs to be probed for a larger conspiracy and national security threats, Centre said. TNN

# Not democracy but TMC reign of terror prevails in Bengal: Rahul

**New Delhi:** Congress' **Rahul Gandhi** on Sunday alleged it is not democracy but "TMC's reign of terror" that prevails in West Bengal today. "Intimidating, attacking, and eliminating opposing voices after votes are cast — this has become TMC's defining character," he said, ahead of the second phase of assembly polls in the state.



Condemning the killing of party worker Debdeep Chatterjee, allegedly by TMC activists, Rahul on X shared a post by Bengal Congress unit which highlighted that Debdeep, who was closely associated with Asansol North Congress candidate Prasenjit Puitandi, was brutally murdered during violence after the polls' first phase. Rahul added that the "murder" by "TMC-affiliated goons" is utterly reprehensible.

In a separate post on X, Rahul said that the "magician" has run out of tricks and young India can now see through him, as he attacked PM Narendra Modi over the women's reservation issue. He met a group of young women from Delhi University and said the more the women of India are empowered, the better it is for the country. TNN

# Mamata cites 'load-shedding', warns against 'EVM capture'

Suman.Chakraborti
@timesofindia.com

**Kolkata:** West Bengal CM Mamata Banerjee on Sunday asked Trinamool workers to be alert against "EVM capture" and said complaints of power-cuts were pouring in from EVM strongrooms after the first phase of the assembly polls in the state.

"Look at EC! It is your job to ensure EVMs are not captured. Why is there so much load-shedding? This is clearly an indication of malicious intent. I urge you not to fall into their trap," the CM said at her rallies in Bhowanipore, from where she is contesting.

The Bengal CM said she was leading by 4,000 votes in Nandigram in 2021 assembly elections before power went off at the counting centre.

The trend reversed after the supply resumed, and she finally lost the seat to BJP's Suvendu Adhikari by less than 2,000 votes. Banerjee challenged the result at Calcutta HC and the matter is still sub judice.

"Everyone must cast their vote. They will try to tamper with EVMs. If a machine malfunctions, come back to vote again. Do not vote in a machine that has previously malfunctioned. Every EVM must be thoroughly checked. Central forces will try to capture EVMs; they are influenced by the EC. Let them do whatever they want. Women should protect EVMs from the poll day until the counting ends," Banerjee said at her rallies on Sunday.

Referring to Union home minister Amit Shah, the CM said, "The HM uses foul language. He is scared. He thinks he will win by spreading fear. Do remember we know how to fight back if you try to stoke fear."



CM Mamata with supporters during a roadshow in Kolkata on Sunday

## SC panel notice to Mamata

National Commission for Scheduled Castes has taken suo motu cognisance of an incident in which Bengal CM Mamata Banerjee reportedly used "derogatory language against the SC community" during a poll rally. NCSC has issued a notice to the state govt and asked for action in the matter. It has asked the chief secretary and DGP of Bengal to investigate the matter and submit a report within three days. "The remark by Mamata Banerjee constitutes a punishable offence under Section 3(1)(s) of the SC/ST (Prevention of Atrocities) Act," NCSC said.

NCSC chairperson Kishore Makwana said they are committed to safeguarding constitutional rights and dignity of SCs and will not tolerate caste-based insults. On April 23, while delivering a speech at a rally in Kolkata, Banerjee had used a word considered derogatory in the context of SCs. TNN

# बंगाल: वोटरों को धमकाने का वीडियो आया सामने

■ निर्वाचन आयोग ने दिए जांच के आदेश

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी) : पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कथित वीडियो फुटेज में मोटरसाइकिल सवार पुरुषों का एक समूह एक संकरी गली से गुजरता हुआ दिखाई दे रहा है। ये लोग वहां से गुजरते समय नारे लगाते हुए सुने जा रहे हैं। वीडियो में सुनाई देने वाले नारों में से एक है-चार तारीख के बाद खेला होबे (हम चार तारीख के बाद खेल करेंगे)।' यह टिप्पणी इसलिए ध्यान आकर्षित कर रही है क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती चार मई को होने वाली है। हालांकि इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की गई है।

मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया, 'निर्वाचन आयोग इन मामलों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है।' राज्य में 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि आपराधिक धमकी और गैरकानूनी कृत्यों से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत रविवार को डायमंड हार्बर थाने में मामला दर्ज किया गया।

### पहले पांच अधिकारियों को किया गया था निलंबित

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ दिन पहले राज्य सरकार ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डायमंड हार्बर पुलिस जिला में तैनात पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया था और उन पर कथित 'गंभीर कदाचार' तथा निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने के आरोप में अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की थी।

## भांगड़ में कथित तृणमूल कार्यकर्ता के घर से 100 देसी बम बरामद

■ दूसरे चरण के मतदान से पहले की गई यह बरामदगी

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी): पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से पहले रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक कथित तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद किए गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर रफीकुल इस्लाम के आवास की तलाशी ली गई, जहां से ये विस्फोटक बरामद हुए। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया, 'कोलकाता के पुलिस आयुक्त, सभी उपायुक्त, अधीक्षकों और थाना प्रभारियों को कड़ा संदेश दिया गया है कि यदि उनके न्यायाधिकार क्षेत्र में इस तरह के विस्फोटक पाए जाते हैं या किसी व्यक्ति द्वारा डराने-धमकाने की रणनीति अपनाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

# बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा 'गुंडा राज' का करेगी अंत : शाह

■ नदिया जिले के तेहट्टा में जनसभा को किया संबोधित

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी) : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य में 'गुंडा राज' और 'सिंडिकेट राज' का अंत करेगी। नदिया जिले के तेहट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का सफाया कर दिया है।

उन्होंने कहा, 'भाजपा ने 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में 110 सीटें जीत ली हैं।' शाह ने कहा, 'अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो यहां 'गुंडा राज' और 'सिंडिकेट राज' का अंत हो जाएगा। मतदान करने से न डरें, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने पर्याप्त व्यवस्था की है। कोई भी आपको वोट डालने से नहीं रोक पाएगा।' उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह 'राज्य में छिपे घुसपैठियों' की पहचान करेगी और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता को कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ के बावजूद अचानक हुई भारी बारिश के कारण अपना भाषण छोटा करना पड़ा। बाद में, जिले के राणाघाट में एक अन्य रैली में शाह ने आरोप लगाया कि अधिकांश मवेशी तस्करी नदिया के रास्ते होती है। उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल में सरकार बनने के बाद, हम मवेशी तस्करी रोकने के लिए एक विशेष दस्ता गठित करेंगे।' शाह ने वादा किया कि महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपए का मासिक भत्ता मिलेगा।



नदिया : समर्थकों का अभिवादन करते अमित शाह।

### 'सत्ता में आने पर यूसीसी करेंगे लागू'

शाह ने कहा कि भाजपा के राज्य में सत्ता में आने के बाद महिलाओं को सभी राज्य परिवहन वाहनों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी, बहुविवाह प्रथा को समाप्त करेगी और तीन तलाक पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करेगी।

# बंगाल में है तृणमूल के आतंक का राज : राहुल

■ बोले, कभी हिंसा पर आधारित नहीं रही है कांग्रेस की राजनीति

नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसी) : वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के गुंडों द्वारा पार्टी कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या कर दिए जाने की रविवार को कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस राजनीति के आगे नहीं झुकेगी, जो भारत की अहिंसक परंपरा को कलंकित करती है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान आसनसोल में चटर्जी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पार्टी का दावा है कि चटर्जी आसनसोल उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रसेनजीत पुइतांडी के घनिष्ठ सहयोगी थे। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने चटर्जी की जमकर पिटाई की, जिसके कुछ ही समय बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'चुनाव के बाद तृणमूल के गुंडों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या किया जाना बेहद निंदनीय है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' उन्होंने लिखा, 'आज पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नहीं, बल्कि तृणमूल के आतंक का राज है। मतदान के बाद विरोधियों को डराना-धमकाना, उनपर हमला करना और उनकी आवाज दबा देना-यही तृणमूल कांग्रेस का मूल स्वभाव बन गया है।'



श्री विजयपुरम : सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी।

### 'विकास में स्थानीय जरूरतों को मिले प्राथमिकता'

श्री विजयपुरम : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कथित कॉरपोरेट प्रभाव की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि विकास में व्यावसायिक हितों के बजाय स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यहां डॉ. बी आर अंबेडकर सभागार में प्रदेश कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि बड़े व्यापारिक समूह विशेष रूप से ग्रेट निकोबार की अवसंरचना परियोजनाओं के संदर्भ में द्वीपसमूह पर नजर गड़ाए हुए हैं, लेकिन विकास में द्वीपवासियों की भावनाओं और कल्याण की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

# आयोग ने दूसरे चरण के मतदान से पहले पेश की कड़ी सुरक्षा योजना

■ मतदाताओं को रोकने की कोशिश के खिलाफ कठोर कदम उठाने के निर्देश

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी) : निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए रविवार को एक कड़ी सुरक्षा योजना पेश की, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि मतदान में विघ्न डालने या मतदाताओं को रोकने की किसी भी कोशिश के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाएगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आयोग ने सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार तैनाती करें और अंदरुनी सड़कों एवं संवेदनशील इलाकों में व्यवस्था बरकरार रखने के लिए कदम उठाएं, ताकि मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

तीन जिलों के चुनाव अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय बलों के कमांडरों की उपस्थिति में हुई एक बैठक में आयोग ने 29 अप्रैल को 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत, 160 मोटरसाइकिलों पर दो-दो के हिसाब से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के कर्मी सवार होंगे और स्थानीय इलाकों में गश्त करेंगे। इस बैठक में कोलकाता पुलिस के आयुक्त, कोलकाता उत्तर, कोलकाता दक्षिण और दक्षिण 24 परगना के जिला चुनाव अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, सामान्य एवं पुलिस पर्यवेक्षक, विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और विशेष पुलिस पर्यवेक्षक एन के मिश्रा भी उपस्थित थे। इस बीच दूसरे चरण के मतदान से पहले दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्विप का दौरा करने वाले राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उनसे मतदाताओं को स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

## 16 देशों के प्रतिनिधियों ने की भारतीय चुनावी व्यवस्था की सराहना

नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसी): अंतरराष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के तहत 16 देशों के 32 प्रतिनिधियों ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों का अवलोकन कर भारतीय चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा निष्पक्षता की सराहना की है। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने रिकॉर्ड मतदाता भागीदारी, पूरी तरह शांतिपूर्ण मतदान और सूक्ष्म स्तर पर की गई उत्कृष्ट तैयारियों को भारतीय चुनाव प्रबंधन की सबसे बड़ी ताकत बताया। प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की कार्यप्रणाली को करीब से समझा तथा उसकी विश्वसनीयता की प्रशंसा की।

# हावड़ा में तृणमूल व भाजपा समर्थकों के बीच झड़प

■ बंगाल चुनाव के दूसरे चरण से पहले हुई हिंसा

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी) : पश्चिम बंगाल के हावड़ा और हारोआ क्षेत्रों में 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। हावड़ा शहर में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच उत्तर हावड़ा से भाजपा उम्मीदवार उमेश राय के रोड शो के दौरान नारे लगाने को लेकर झड़पें हुईं।

जीटी रोड पर स्थित तृणमूल के चुनाव कार्यालय के नजदीक से होकर जब रोड शो गुजरा तो तृणमूल समर्थकों ने अपना चुनावी नारा 'जय बांग्ला' लगाया, जिसका भाजपा समर्थकों ने "जय श्री राम" के नारे लगाकर जवाब दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके कारण दोनों गुटों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके चलते झड़प हुई और केंद्रीय बलों को भाजपा व तृणमूल समर्थकों पर लाठीचार्ज करना पड़ा।

# ममता ने भवानीपुर में की पदयात्रा

■ इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं पश्चिम बंगाल की सीएम

कोलकाता, 26 अप्रैल (एजेंसी) : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया।

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है। 'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी) गीत की धुन के बीच, बनर्जी ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। 'दीदी दीदी' के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया व उनसे मालाएं स्वीकार कीं।



कोलकाता : पदयात्रा के दौरान ममता बनर्जी।

### संजय सिंह ने राज्यसभा सभापति को लिखा पत्र

# राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग



नई दिल्ली, 26 अप्रैल (नवोदय टाइम्स): आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने रविवार को राज्यसभा सभापति सी.पी. राधाकृष्णन को एक पत्र भेजकर उच्च सदन के उन 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया है, जिन्होंने हाल ही में 'आप' छोड़कर भाजपा में विलय की घोषणा की है।

सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्यसभा के सात सदस्यों द्वारा उठाया गया कदम दल-बदल के समान है। उन्होंने कहा कि सदस्यों का कदम संबंधित कानून के प्रावधानों के विरुद्ध है।

'आप' को शुक्रवार को उस समय बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल ने पार्टी छोड़ दी तथा भाजपा में शामिल हो गए। संजय सिंह के अनुसार, 'आप' ने इस मामले पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के एक पूर्व महासचिव सहित संविधान विशेषज्ञों से परामर्श किया है तथा यह स्पष्ट है कि "कानून के तहत ये सांसद अयोग्य घोषित किए जाने के पात्र हैं"।



*उत्तर 24 परगना: मतुआ संप्रदाय के मुख्य मंदिर में पूजा करते नरेंद्र मोदी*

# तृणमूल संरक्षित गुंडे चला रहे हैं बंगाल की सरकार : मोदी

## ■ कहा, 'निर्मम सरकार' नबान्न से नहीं चलती

कआरामबाग/ बनगांव, 26 अप्रैल (एजैंसी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार राज्य सचिवालय से नहीं बल्कि पार्टी द्वारा संरक्षित गुंडों और अपराधियों द्वारा चलाई जा रही है। चुनाव प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले, हुगली जिले के आरामबाग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए टीएमसी की 'असामाजिक तत्वों पर निर्भरता' के कारण अक्सर कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा है।

मोदी ने कहा, 'टीएमसी की 'निर्मम सरकार' नबान्न (राज्य सचिवालय) से नहीं चलती। इसे गुंडे और अपराधी चलाते हैं, और सरकार को पटरी पर लाने के लिए उच्च न्यायालय और देश की शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता पड़ी है।' उन्होंने वादा किया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में केंद्र की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के कार्यान्वयन को मंजूरी दी जाएगी।

वहीं, उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में ठाकुरनगर स्थित मतुआ

(शेष पृष्ठ 8 कालम 6 पर)

### मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर और ठनठनिया काली मंदिर में की प्रार्थना

प्रधानमंत्री मोदी ने ठाकुरनगर में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मतुआ समुदाय के मुख्य मंदिर ठाकुरबाड़ी और राजधानी कोलकाता के ऐतिहासिक ठनठनिया काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। शाम को उत्तरी कोलकाता में रोड शो में भाग लेने से पहले, प्रधानमंत्री 300 वर्षों से अधिक पुराने ठनठनिया कालीबाड़ी गए। उन्होंने पास के एक स्टॉल से पूजा की सामग्री खरीदी और उसे मंदिर की अधिष्ठाता देवी, मां सिद्धेश्वरी को अर्पित किया।

# बंगाल चुनावः आज थमेगा दूसरे चरण का चुनाव प्रचार, 16000 केंद्रीय कर्मियों की होगी तैनाती

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा (विस) चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कराने के लिए पहली बार काफी अधिक संख्या केंद्रीय कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। केंद्र सरकार के करीब 16,000 कर्मियों की पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी के तौर पर नियुक्ति की जाएगी। ये सभी स्थायी कर्मचारी होंगे। चुनाव कर्मियों के संकट को दूर करने के लिए चुनाव आयोग ने यह निर्णय लिया है। इस बीच आयोग ने हिंगलगंज थाने व डायमंड हार्बर पुलिस जिले में पांच नए पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। वहां के अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी में लापरवाही बरतने व पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था।



**सोमवार को थमेगा चुनाव प्रचार**

बंगाल विस चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर सोमवार शाम को थम जाएगा। दूसरे चरण में कुल 1,448 प्रत्याशी हैं। मतदान से पहले आखिरी रविवार को विभिन्न दलों की ओर से जमकर प्रचार किया गया। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तो तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल व राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख तेजस्वी यादव ने प्रचार किया। दूसरे चरण के तहत बंगाल के सात जिलों कोलकाता, हावड़ा, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, हुगली, नदिया व पूर्व बद्र्धमान जिलों की 142 सीटों पर आगामी 29 अप्रैल को मतदान होंगे। मालूम हो कि दूसरे चरण में केंद्रीय बलों की कुल 2,231 कंपनियां तैनात रहेंगी। इनमें सबसे अधिक 237 कंपनियां कोलकाता में तैनात की जाएंगी।

**पुलिस अधिकारियों को उठाना होगा कदम**

चुनाव आयोग ने पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को भय दिखाने व धमकियां देने के मामले में अविलंब कदम उठाने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। चुनाव के अधिकारियों ने रविवार को कोलकाता के धन्य धान्यो स्टेडियम में कोलकाता, उत्तर व दक्षिण 24 परगना के जिला चुनाव अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की, जिसमें ये निर्देश दिए गए।

**मतदान के दिन आंधी-तूफान की आशंका**

मौसम विभाग ने दूसरे चरण के मतदान के दिन विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसे लेकर सतर्कता जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से शुक्रवार तक कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के प्रायः समस्त जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। इनमें कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर व दक्षिण 24 परगना, नदिया व पूर्व बद्र्धमान जिले भी शामिल हैं, जहां मतदान होना है।

## चुनाव आयोग ने धमकी देने वाले वीडियो पर जांच के आदेश दिए

एजेंसी/कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में लोगों को कथित तौर पर डराने-धमकाने वाले एक वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में डायमंड हार्बर पुलिस जिले में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। कथित वीडियो फुटेज में मोटरसाइकिल सवार पुरुषों का एक समूह एक संकरी गली से गुजरता हुआ दिखाई दे रहा है। ये लोग वहां से गुजरते समय नारे लगाते हुए सुने जा रहे हैं। वीडियो में सुनाई देने वाले नारों में से एक है- चार तारीख के बाद खेला होबे (हम चार तारीख के बाद खेल करेंगे)। यह टिप्पणी इसलिए ध्यान आकर्षित कर रही है क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती चार मई को होने वाली है। हालांकि यूनीवार्ता ने इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है। राज्य की कुल 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को संपन्न हो गया था। शेष 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान होगा और चार मई को मतगणना होगी।

## बंगाल में अकेली पड़ी कांग्रेसः ममता के साथ खड़े हुए सोरेन, तेजस्वी और केजरीवाल

कोलकाता। जो कभी अपने थे, आज बेगाने हो गए हैं। मौजूदा बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को ऐसी बेरुखी का सामना करना पड़ रहा। 2024 के लोकसभा चुनाव के समय गठित आईएनडीआईए ब्लॉक में शामिल कोई भी दल उसके साथ नहीं है, जबकि इनमें से कई तृणमूल कांग्रेस के लिए आगे बढ़कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।



बंगाल में पहली सरकार गठित करने वाली कांग्रेस अभी हाशिए पर है। 2021 के विधानसभा चुनाव में वह एक सीट तक नहीं जीत पाई। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में उसका एक ही सांसद बचा। यह चुनाव उसके लिए फिर से उठ खड़े होने की लड़ाई है। कांग्रेस ने अबकी बार वाममोर्चा को बैसाखी न बनाकर अपने बूते चुनाव लड़ने की बड़ी चुनौती ली है अर्थात वामपंथियों से उसने खुद ही किनारा कर लिया। दूसरी तरफ बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी होने के कारण तृणमूल का उसका प्रतिद्वंद्वी बन जाना स्वाभाविक है, लेकिन आइएनडीआइए के ऐसे कई दल हैं, जिन्होंने कांग्रेस से मुंह फेर रखा है।

झारखंड के मुख्यमंत्री व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रमुख हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना ने बंगाल के आदिवासी इलाकों में आकर तृणमूल के समर्थन में प्रचार किया लेकिन कांग्रेस की सुध नहीं ली जबकि कांग्रेस झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में शामिल है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख तेजस्वी यादव भी ममता बनर्जी की पार्टी के लिए प्रचार कर चुके हैं। मालूम हो कि गत बिहार विधानसभा चुनाव राजद व कांग्रेस ने साथ मिलकर लड़ा था, हालांकि सफलता नहीं मिल पाई थी।

**सपा प्रमुख ने भी नहीं किया प्रचार**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी बंगाल के लोगों से ममता दीदी के लिए वोट की अपील करेंगे। अब आइएनडीआइए का हिस्सा नहीं है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव अभी तक तृणमूल अथवा कांग्रेस, किसी के चुनाव प्रचार के लिए बंगाल नहीं आए हैं, हालांकि उनके लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से अच्छे संबंध बताए जाते हैं। कांग्रेस के केंद्रीय नेता भी नदारद सियासी विश्लेषकों के एक वर्ग का मानना है कि बंगाल चुनाव को लेकर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व का भी कम प्रयास नजर आता है।

# पहले चरण के मतदान में तृणमूल का अहंकार टूट चुका है- मोदी

## प्रधानमंत्री ने उत्तर 24 परगना में चुनाव सभा में मतुआ समुदाय, महिला, किसान, युवाओं के मुद्दे उठाये

कोलकाता, 26 अप्रैल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिलांतर्गत, ठाकुरनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने मतुआ समुदाय, महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़े कई मुद्दों को उठाया और राज्य में परिवर्तन की जरूरत पर जोर दिया।

राज्य की राजनीति पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस मां, माटी, मानुष के नारे के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन अब वह अपने वादों से भटक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सिंडिकेट राज, भ्रष्टाचार और जंगलराज का माहौल है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में तृणमूल का अहंकार टूट चुका है और दूसरे चरण में भाजपा की जीत सुनिश्चित है।

> ■ **प्रधानमंत्री मोदी ने मतुआ और नमशूद्र समुदाय से कहा कि उन्हें स्थायी पहचान और अधिकार दिये जाएंगे, जो देश के अन्य नागरिकों को प्राप्त हैं।**

प्रधानमंत्री ने उद्योग और रोजगार के मुद्दे पर भी राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हुगली नदी के आसपास कभी उद्योग फलते-फूलते थे, लेकिन अब कारखानों पर ताले लग रहे हैं। जूट मिलों के बंद होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल शासन में उद्योगों को बढ़ावा नहीं मिल रहा, जबकि केन्द्र सरकार ने जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया है और उसके उपयोग को अनिवार्य किया है।

प्रधानमंत्री ने नागरिकता संशोधन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानून शरणार्थियों को नागरिकता और अधिकार देने के लिए लाया गया है। उन्होंने मतुआ और नमशूद्र समुदाय से कहा कि उन्हें स्थायी पहचान और अधिकार दिए जाएंगे, जो देश के अन्य नागरिकों को प्राप्त हैं। उन्होंने तृणमूल पर इस मुद्दे पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बनने पर बंगाल का विकास तेजी से होगा और राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है।